भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +1117

सोमवार, 08 फरवरी, 2021/19 माघ, 1942 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तेलंगाना में अनुमोदित पर्यटन परियोजनाएं

+1117. श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी:

क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान वर्ष सहित गत पाँच वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य में प्रत्येक चिह्नित पर्यटन परिपथ की अनुमोदित, स्वीकृति और कार्यनिष्पादित पर्यटन परियोजनाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक पूरी की गई पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और शेष परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) लंबित परियोजनाओं को पूर्ण होने में विलंब के क्या कारण है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान राज्य में पर्यटन के क्षेत्र के विकास के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या तेलंगाना राज्य सरकार ने सरकार को कोई परियोजना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तेलंगाना राज्य में वर्तमान में चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ड.): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय विभिन्न गंतव्यों में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए सुनियोजित एवं प्राथमिकता प्रदत्त तरीके से 'स्वदेश दर्शन' योजना के अंतर्गत देश में थीमैटिक परिपथों का विकास कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु अभी तक 15 थीमैटिक परिपथ अभिज्ञात किए गए हैं यथा पूर्वोत्तर, बौद्ध, हिमालय, तटवर्ती, कृष्ण, मरुस्थल, जनजातीय, इको, वन्य जीव, ग्रामीण, आध्यात्मिक, रामायण, विरासत, सूफी और तीर्थंकर। तेलंगाना राज्य में पर्यटन मंत्रालय ने तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी है जो कार्यान्वयन के अलग-अलग चरणों में हैं। तेलंगाना राज्य में स्वदेश दर्शन के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत नई परियोजनाओं की स्वीकृति समीक्षाधीन है।

****

अनुबंध

तेलंगाना में अनुमोदित पर्यटन परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 08.02.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +1117 के भाग सख्या (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत तेलंगाना में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ का नाम**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	इको सर्किट 2015- 16	महबूब नगर जिला (सोमासिला, सिगोतम, कदलैवनम, अक्कामहादेवी, इगलनपंटा फरहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलातीर्थम) में परिपथ का विकास	91.62	87.05	77.45
2.	जनजातीय सर्किट 2016- 17	मुलगु-लम्नावरम-मेदावरम-तडवई-दामारबी-मल्लौर-वोगथा के झरने का विकास	79.87	75.88	69.90
3.	विरासत सर्किट 2017-18	कुतुबशाही विरासत पार्क- पैगाह मकबरा-हयात बख्शी मस्जिद-रेमंड के मकबरे का विकास	96.90	70.61	45.30

****